SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 24 नवंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 57

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिहार के वैशाली जिले में पेट्रोल टैंकर में विस्फोट, चालक, सह चालक सहित 3 की मौत

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र में बुधवार को वेल्डिंग कराने के क्रम में एक पेट्रोल टैंकर में विस्फोट होने से टैंकर चालक, सहचालक (खलासी) सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि इतने ही लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस बीच, पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक, हाजीपुर-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोडिय़ा पुल के समीप एक दुकान में भारत पेट्रोलियम के एक खाली टैंकर में रिसाव आने के बाद वेल्डिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान टैंकर में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से टैंकर का चालक, सह चालक और वेल्डिंग करने वाले मिस्त्री की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक विस्फोट इतना जबरदस्त था कि टैंकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में दो से तीन लोगों के घायल होने की सूचना है। पुलिस ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, जहां सभी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है तथा मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस टैंकर के मालिक का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने सडक़ पर टायर जलाकर सडक़ को जाम कर दिया और जमकर हंगामा किया। पुलिस आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने में जुटी है।

### यमुना एक्सप्रेस वे पर कार का टायर फटने से एक की मौत, पांच घायल

**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** यमुना एक्सप्रेस वे पर जेवर टोल प्लाजा के समीप टायर फटने से एक ईको कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत व दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। कार नोएडा से आगरा की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि टप्पल थाना क्षेत्र के गांव सालपुर के रहने वाले राजेश नोएडा में रहते हैं। वह अपने पुत्र राजकुमार व पुत्र वधु पुष्पा, ममता व गोविंद सिंह के साथ ईको कार से नोएडा से मथुरा जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार जेवर टोल प्लाजा के समीप 36 किमी माइल स्टोन के नजदीक पहुंची, तो अचानक कार का टायर फट गया। कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार में सवार सभी पांच लोग गंभीर घायल हो गए, जबकि कार चालक रामनिवास को मामूली चोट आई। सूचना पर पहुंचे यमुना एक्सप्रेस वे के राहत एवं बचाव दल ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने नोएडा के छिजारसी के रहने वाले गोविंद को मृत घोषित कर दिया। राजेश, राजकुमार, पुष्पा व ममता का उपचार जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के भतीजे ने की आत्महत्या

**लखनऊ (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के भतीजे नंद किशोर ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक, लखनऊ के दुबग्गा के बिगरिया इलाके में प्रापर्टी डीलर के रूप में कार्यरत नंद किशोर ने अपने घर में फांसी लगा ली। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उन्होंने आत्महत्या की है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कौशल किशोर संसद में मोहनलालगंज निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह वर्तमान में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के राज्य मंत्री हैं। कौशल किशोर हाल ही में तब चर्चा में आए थे, जब उन्होंने श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड के बारे में बात करते हुए कहा था कि शिक्षित लड़कियों को लिव-इन रिलेशनशिप में नहीं आना चाहिए।

### पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक को किया वापस

**जम्मू (आरएनएस)।** अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा पकड़े गए एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों के भीतर स्वदेश भेज दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के रंगूर गांव के रहने वाला शहजाद को अंतरराष्ट्रीय सीमा के रामगढ़ सेक्टर में बीएसएफ और पाकिस्तान रेंजरों के बीच एक फ्लैग मीटिंग के दौरान वापस भेज दिया गया, जब वह भारतीय सीमा में आने की कोशिश कर रहा था।

## नासा के अंतरिक्ष यान ओरियन ने की चंद्रमा की परिक्रमा

**वाशिंगटन ।** नासा के ओरियन अंतरिक्ष यान ने मानव रहित आर्टेमिस मिशन के हिस्से के रूप में चंद्रमा की सतह के 130 किलोमीटर के दायरे से गुजरने के लिए अपना पहला मून फ्लाईबाई सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। नासा के अनुसार आर्टेमिस मिशन में अपने छठे दिन ओरियन ने चंद्रमा के चारों ओर एक दूर प्रतिगामी कक्षा में प्रवेश करने के लिए आवश्यक दो सहायक इंजनों का उपयोग करके चौथे कक्षीय प्रक्षेपवक्र को सफलतापूर्वक पूरा किया।



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने बीती देर रात एक बयान में कहा कि ओरियन अंतरिक्ष यान ने 21 नवंबर को चंद्रमा के नजदीक से उड़ान भरी थी।

आर्टेमिस मिशन के मैनेजर माइक सराफिन ने कहा, योजना के मुताबिक मिशन आगे बढ़ रहा है और हमारी संचालन टीम और अंतरिक्ष यान ओरियन अच्छा काम कर रहे हैं।

ओरियन शुक्रवार को चंद्रमा से परे दूर प्रतिगामी कक्षा में प्रवेश करेगा, जिसे दूरस्थ प्रतिगामी कक्षा सम्मिलन बर्न कहा जाता है।

यह कक्षा अत्यधिक स्थिर कक्षा प्रदान करती है, जहां पृथ्वी से दूर चरम वातावरण में ओरियन के सिस्टम को परीक्षण के लिए रखने को गहरे अंतरिक्ष में विस्तारित यात्रा के लिए बहुत कम ईंधन की आवश्यकता होती है।

अपोलो 13 द्वारा निर्धारित रिकॉर्ड को पार करते हुए ओरियन 25 नवंबर को चंद्रमा से अपने सबसे दूर बिंदु लगभग 57,287 मील की यात्रा करेगा।

ओरियन ने पृथ्वी से 216,842 मील की यात्रा की है और चंद्रमा से 13,444 मील की दूरी पर 3,489 मील प्रति घंटे की गति से यात्रा की है।

ओरियन नासा के स्पेस लॉन्च सिस्टम (एएलएस) रॉकेट का पहला एकीकृत उड़ान परीक्षण है।

2025 में नासा ने 1972 में अपोलो 17 मिशन के बाद से पहली क्रू मून लैंडिंग शुरू करने की योजना बनाई है। इसमें चंद्रमा पर चलने वाली पहली महिला और रंग का पहला व्यक्ति शामिल होगा।

आर्टेमिस गहरे अंतरिक्ष में मानव अन्वेषण के लिए एक आधार प्रदान करेगा और चंद्रमा और उससे आगे मानव अस्तित्व का विस्तार करने के लिए नासा की प्रतिबद्धता और क्षमता का प्रदर्शन करेगा।

## भारत सरकार से यूजर डेटा के लिए 55,497 अनुरोध प्राप्त हुए : मेटा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 55,497 अनुरोधों के साथ भारत इस वर्ष की पहली छमाही में उपयोगकर्ता डेटा के लिए मेटा से पूछने के मामले में एक बार फिर अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर रहा। सोशल नेटवर्क ने इस रिपोर्टिंग अवधि में आईटी मंत्रालय के निर्देशों पर भारत में 597 आईटम तक पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया। 2021 की दूसरी छमाही में भारत ने मेटा से यूजर डेटा के लिए 50,382 अनुरोध किए थे।

मेटा के अनुसार, राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के खिलाफ कंटेंट सहित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए का उल्लंघन करने के लिए 597 वस्तुओं तक पहुंच को प्रतिबंधित किया गया था।

सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के नियम 16 के उल्लंघन के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के निर्देशों के जवाब में मेटा ने छह आईटम को भी प्रतिबंधित कर दिया।

मेटा ने अपनी लेटेस्ट ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट में कहा, हमने भारतीय दंड संहिता, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनावी शिकायतों से संबंधित भारत के चुनाव आयोग द्वारा रिपोर्ट की गई 23 आईटम तक पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया, जिसमें गलत सूचना और सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देना शामिल है।

इनमें से 19 आईटम को देश में केवल अस्थायी रूप से (निर्दिष्ट ब्लैकआउट अवधि के दौरान) प्रतिबंधित किया गया है।

कंपनी ने कहा, हमने अन्य अदालती आदेशों के कारण 71 आईटम, आईपी उल्लंघन के लिए 13 और मानहानि की निजी रिपोर्टें के जवाब में दो आईटम तक पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया।

जैसा कि केंद्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अधिक दायित्वों को रखने के लिए नए आईटी नियमों, 2021 में संशोधनों को अधिसूचित किया, मेटा ने फेसबुक के लिए 13 नीतियों में 30.7 मिलियन से अधिक आपत्तिजनक कंटेंट को हटा दिया और सितंबर के महीने में भारत में इंस्टाग्राम के लिए 12 नीतियों में ऐसे कंटेंट के 3 मिलियन से अधिक टुकड़े हटा दिए।

मेटा के अनुसार, 2022 के पहले छह महीनों के दौरान, उपयोगकर्ता डेटा के लिए वैश्विक सरकारी अनुरोध 10.5 प्रतिशत बढक़र 214,777 से 237,414 हो गए।

## तिर्की ने पटनायक को सौंपा हॉकी विश्व कप का पहला टिकट

**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने जनवरी 2023 में होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला का पहला टिकट बुधवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के सुपुर्द किया।

तिर्की ने ट्वीट किया, माननीय मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राउरकेला और भुवनेश्वर में होने वाले एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 का पहला टिकट खरीदा। ओडिशा के मुख्यमंत्री को टिकट देकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।



ओडिशा दूसरी बार पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2018 का आयोजन भी भुवनेश्वर में हुआ था। पटनायक ने तिर्की के साथ तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की से ओडिशा हॉकी विश्व कप का पहला टिकट पाकर खुशी हुई। आशा है कि दुनिया भर के प्रशंसक ओडिशा में एक और हॉकी महाकुंभ देखने के लिए तैयार हैं। कार्रवाई में हमारी टीम को खुश करने के लिए आप सभी से जुडऩे के लिए तत्पर हैं। विश्व कप 2023 का आयोजन 13 जनवरी 2023 से भुवनेश्वर और राउरकेला में होगा। भारत को इंग्लैंड, वेल्स और स्पेन के साथ पूल-डी में रखा गया है।

## कुल्लू : हिमस्खलन से शिमला का पर्वतारोही आशुतोष लापता, रेको एवलांच रेस्क्यू डिवाइस से भी नहीं लगा लापता पर्वतारोही का सुराग

**मनाली (आरएनएस)।** अटल टनल रोहतांग के साथ लगती फ्रेंडशिप पीक से लापता शिमला के पर्वतारोही आशुतोष का बुधवार को पांचवें दिन भी सुराग नहीं लगा। रेको एवलांच रेस्क्यू डिवाइस की मदद से एडवेंचर टूर ऑपरेटर एसोसिएशन (एटीओए) की टीम ने दिनभर सर्च ऑपरेशन चलाया। हिमस्खलन वाले स्थान पर फ्रेंडशिप पीक के एक ओर करीब 500 मीटर के दायरे में तलाश की गई। दूसरी ओर से वीरवार को अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं खेल संस्थान की टीम फिर रवाना होगी। टीम में तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू दल के सदस्य भी शामिल होंगे।



बीते शनिवार को फ्रेंडशिप पीक में शिमला का पर्वतारोही आशुतोष हिमस्खलन की चपेट में आ गया था। उसकी तलाश के लिए एटीओए की टीम रविवार को रवाना हुई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं खेल संस्थान की सोमवार को गई टीम भी बैरंग लौट गई। मंगलवार को ड्रोन से भी लापता पर्वतारोही का पता नहीं चला। ड्रोन से ली गई तस्वीरों को बड़ी स्क्रीन पर जांचने के बाद भी पुख्ता जानकारी नहीं मिली। रेको एवलांच रेस्क्यू डिवाइस लेकर गई एटीओए की टीम भी सफल नहीं हो पाई। एटीओए की टीम करीब 15 हजार फीट की ऊंचाई पर बेस कैंप बनाकर वहीं रुकी।

बुधवार को दिनभर तलाशी अभियान चलाया गया। टीम के पांच सदस्य प्रभारी जोगी सहित दीवान चंद, जोगिंदर पोल, संजू और योगराज ठाकुर सर्च ऑपरेशन के बाद मनाली लौट रहे हैं। उधर, आशुतोष के परिजन चिंतित हैं। आशुतोष चौपाल के विधायक बलबीर सिंह वर्मा के साले हैं। बलबीर सहित अन्य परिजन मनाली पहुंचे हैं। एडवेंचर टूअर ऑपरेटर एसोसिएशन के सचिव पिंटू ने बताया कि टीम लौट गई है। करीब 500 मीटर के दायरे में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस तरफ लापता पर्वतारोही का पता नहीं चला है। एसडीएम मनाली डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। प्रशासन लापता पर्वतारोही की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

## वो मुझे मार कर टुकड़े-टुकड़े कर फेंक देगा, श्रद्धा ने 2020 में ही दर्ज कराई थी शिकायत

**मुंबई (आरएनएस)।** दिल्ली के महरौली इलाके में हुए श्रद्धा हत्याकांड में दिन-प्रतिदिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। इसी बीच जानकारी मिल रही है कि साल 2020 में श्रद्धा ने मुंबई पुलिस को चि_ी लिखकर आफताब की शिकायत की थी। श्रद्धा ने साल 2020 में ही ये आशंका जता दी थी कि आफताब उसकी हत्या कर देगा। आफताब ने श्रद्धा की पिटाई की थी जिसके बाद श्रद्धा ने 23 नवंबर, 2020 को पुलिस में एक शिकायत की थी।



श्रद्धा वालकर ने मुंबई के एक पुलिस स्टेशन को दिए शिकायती पत्र में दावा किया था कि आफताब ने उसे मारने की कोशिश की और धमकी देते हुए कहा कि मेरे टुकड़े-टुकड़े करके फेंक देगा। श्रद्धा ने यह भी आरोप लगाया कि आफताब के परिवार को भी पता है कि उनका बेटा मुझे मारना चाहता है। श्रद्धा ने पत्र में लिखा कि आफताब उसे ब्लैकमेल करता था और जान से मारने की धमकी देता है। आफताब का परिवार वीकेंड पर उनसे मिलने आता है।

श्रद्धा ने कहा था कि आफताब मुझे जान से मारकर मेरे टुकड़े करने की धमकी देता है। इसके बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया था। मुंबई पुलिस को लिखी चि_ी में श्रद्धा ने यह भी कहा था कि आफताब सुसाइड करने की धमकी भी देता था, जिससे वह डर जाती थी। हालांकि बाद में श्रद्धा से आफताब ने माफी मांग ली थी, जिसके बाद दोनों फिर से साथ रहने लगे थे। वहीं दिल्ली पुलिस ने श्रद्धा के पूर्व रिपोर्टिंग मैनेजर करन बरार को दिल्ली बुलाया है। मुंबई पुलिस से शिकायत करने में करन ने भी श्रद्धा की मदद की थी।

वहीं श्रद्धा मर्डर केस में दिल्ली पुलिस ने आज पालघर जिले की वसई अपराध शाखा में आरोपी आफताब के तीन दोस्तों के बयान दर्ज किए। दिल्ली पुलिस अब तक 17 लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है। बता दें, आफताब का पॉलीग्राफ टेस्ट मंगलवार शाम को किया गया था। पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान करीब 20 सवाल उससे पूछे गए थे। वहीं आज फिर से आफताब का पॉलीग्राफ टेस्ट होगा। इस दौरान उससे कुछ और सवाल पूछे जा सकते हैं। जांच टीम को उस फ्लैट में खून के धब्बे मिले हैं, जहां श्रद्धा और आफताब रहते थे। साथ ही पुलिस के हाथ अन्य साक्ष्य लगे हैं।

## दिल्ली में एक और दिल दहलाने वाली वारदात, मां, पिता, बहन और दादी की हत्या

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली युवती की हत्या कर कई टुकड़ों में फेंकने की दिल दहलाने वाली जघन्य वारदात के बाद अब एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवक द्वारा अपने माता-पिता सहित 4 लोगों की हत्या करने की खबर मिली है। पालम इलाके में पुलिस ने एक घर से चार लोगों की लाश बरामद की हैं।



आरंभिक जानकारी के अनुसार एक शख्स ने अपने माता-पिता, बहन और दादी को चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ड्रग्स का आदी है और हाल ही में ड्रग एडिक्शन सेंटर से बाहर आया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है। 25 वर्षीय आरोपी केशव को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी युवक ने अपने पिता 42 वर्षीय दिनेश कुमार, दादी दीवानों देवी, मां दर्शन सैनी और बहन उर्वशी की हत्या की है।

## हिमाचल : ऐसा पर्यटन स्थल जहां बर्फ से लदी खूबसूरत वादियों को निहारने के लिए लगता है सैलानियों का तांता

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश उत्तर-पश्चिमी हिमालय के दिल की धडक़न है। हिमाचल पवित्र चोटियों, मनोरम नदी घाटियों, पर्वत झीलों और घने जंगलों के लिए जाना जाता है। प्रदेश की ट्रेकिंग, राफ्टिंग, स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग या पर्वतारोहण जैसी साहसिक गतिविधियों के लिए भी अलग पहचान है। हिमाचल में कई ऐसे मनोरम स्थल हैं, जहां हर साल बड़ी संख्या में देश-विदेश से सैलानी पहुंचते हैं। उन्हीं में से एक है मनाली से कुछ ही दूरी पर मौजूद विश्व विख्यात पर्यटन स्थल सोलंगनाला, जहां सैलानियों का मेला लगा रहता है।

समर और विंटर दोनों ही सीजन में सैलानी बड़ी संख्या में इस खूबसूरत जगह के दीदार के लिए पहुंचते हैं। विंटर सीजन में बर्फ से लकदक खूबसूरत वादियों के दीदार के लिए सैलानी यहां खींचे चले आते हैं। यह स्थल नवंबर से फरवरी- मार्च तक बर्फ से लकदक रहता है। सोलंगनाला में स्की ढलान भी एक मुख्य आकर्षण होता है। अगर आप भी बर्फ से ढकी वादियों के बीच सुकून के पल बिताने की सोच रहे हैं तो सोलंगनाला सही जगह साबित हो सकती है। मनाली से नेहरूकुंड, पलचान होते हुए बर्फ की चादर में लिपटी वादियों को निहारते हुए सोलंगनाला पहुंच सकते हैं।

### सोलंगनाला में पैराग्लाइडिंग।

सोलंगनाला में साहसिक गतिविधियों में स्कीइंग, स्नो स्कूटर तथा पैराग्लाइडिंग का भी आनंद उठा सकते हैं। बर्फ के बीच घुड़सवारी, याक सवारी, स्नो स्कूटर और स्लेजिंग का मजा भी मजा ले सकते हैं। सोलंगनाला सडक़ व हवाई मार्ग दोनों के जरिये पहुंचा जा सकता है। दिल्ली, चंडीगढ़ से बसों के जरिये मनाली तक पहुंच सकते हैं। इसके बाद सोलंगनाला तक टैक्सी व बस सेवा के जरिये पहुंच सकते हैं। भुंतर तक हवाईसेवा भी उपलब्ध है। वहां से मनाली-सोलंगनाला के लिए बस या टैक्सी की सुविधा उपलब्ध है। भुंतर से मनाली की दूरी करीब 50 किलोमीटर है। इसी तरह चंडीगढ़ से मनाली बस के जरिये बाया एनएच-3 से करीब आठ घंटों में पहुंचा जा सकता है। जबकि दिल्ली करीब साढ़े 12 घंटों में पहुंचा जा सकता है। इसके बाद मनाली से सोलंगनाला सडक़ मार्ग से करीब 13 किलोमीटर का सफर है।

### इन बातों का रखें ध्यान

सर्दियों में मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों में ठंड बहुत ज्यादा होती है। बर्फबारी की स्थिति में तापमान और भी गिर जाता है। ऐसे में पूरी तैयार के साथ ही घर से निकले। पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश-बर्फबारी की स्थित में भूस्खलन की संभावना है। ऐसे में संबंधित विभागों की ओर से जारी एडवाइजरी का पालन करें। प्रशासन की सलाह व मौसम की अनुकूल स्थिति के अनुसार ही अपनी यात्रा प्लान करें। फोटो और सेल्फी लेने के लिए जान जोखिम में डालकर नदी-नालों में न जाएं।

